अत्यावश्यक
आज से ही कार्यवाही करें

राजस्थान सरकार
निदेशालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांक : एफ23(45)लेखा/निकाशि/मुछाउशियो/12/2199 दिनांक : 26/11/12

समस्त प्राचार्य
राजकीय एवं निजी महाविद्यालय
तकनीकी महाविद्यालय
राजस्थान

विषय :— मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना 2012 में आवेदन—पत्र बाबत ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2012—13 के बजट में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति की वरीयता के आधार पर 1.00 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की घोषणा की गई थी । जिसके परिपेक्ष्य में निदेशालय द्वारा विभिन्न विज्ञप्तियों से प्रचार प्रसार करने के उपरान्त भी अपेक्षित संख्या में आवेदन—पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं ।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा उपलब्ध सूचना अनुसार विज्ञान वर्ग में 305 प्राप्तांक **(61 प्रतिशत)**, वाणिज्य वर्ग में प्राप्तांक 316 **(63.20 प्रतिशत)** एवं कला वर्ग में प्राप्तांक 317 **(63.40 प्रतिशत)** को उक्त छात्रवृत्ति देय है । आपके महाविद्यालय में उक्त प्रतिशत वाले कितने विद्यार्थी अध्ययनरत है तथा कितनों के द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन किया गया है, पूर्णतया ज्ञात कर शेष रहे विद्यार्थियों से उक्त योजना में छात्रवृत्ति आवेदन — पत्र भरवाकर निदेशालय को अवगत करावें जिससे शत— प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किये जा सके । यह सूचना दिनांक 30.11.2012 साय 5.00 बजे तक निदेशालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर को फैक्स नं0 0141—2706289 अथवा मेल पते —jdplan.ccc@rajasthan.gov.in पर भी अपलोड करें ।

इस बाबत किसी प्रकार की कोताही अथवा लापरवाही न बरतें । सूचित हों ।

(नवीन जैन)
निदेशक

प्रतिलिपि श्री धीरेन्द्र देवर्षि, विभागीय वेबसाईट प्रभारी को अपलोड हेतु ।